**वन उत्पादकता संस्थान रांची द्वारा केन्द्रीय विद्यालय संगठन धुर्वा, सेक्टर-II में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए वन,पर्यावरण जागरूकता विषय पर कार्यक्रम**

## वन उत्पादकता संस्थान,रांची- 05.12.2018

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद्, देहरादून एवं केन्द्रीय विद्यालय संगठन,नई दिल्ली के साथ हस्ताक्षरित समझौते ज्ञापन (MoU) के तहत दिनांक 5.12.2018 को वन उत्पादकता संस्थान रांची के निदेशक डा. नितिन कुलकर्णी एवं अनुसंधान समुह समन्वयक डा. योगेश्वर मिश्रा के निर्देशन में संस्थान के उप वन संरक्षक श्री पी.सी.लकरा ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संस्थान एवं संस्थान में चल रहे अनुसंधान गतिविधियों के वारे में अवगत कराया साथ ही साथ भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् देहरादून के तहत अन्य अनुसंधान संस्थान के वारे में भी चर्चा की| इन्होने पर्यावरण से सबंधित व्याख्यान में पौधशाला तकनीक,कृषि-वानिकी विषय से अवगत कराया|

श्री पी.सी.लकरा,उप वन संरक्षक ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को वन पर्यावरण एवं वन जीव से सबंधित पर्यावरण को कैसे सुरक्षित रखा जाय तथा जैव विविधता पर अपना व्यख्यान दिया तथा वनजीव से सबंधित चलचित्र भी विद्यार्थियों को दिखाया गया|

केन्द्रीय विद्यालय संगठन धुर्वा रांची के प्रांगण में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सभागृह में संस्थान के सहायक तकनीकी अधिकारी श्री एस. एन. वैद्य, वन विस्तार प्रभाग ने वन एवं पर्यावरण को कैसे सहजा जाय ताकि प्रकृति सुरक्षित हो| इसके लिए पौधशाला एवं वनों को बढ़ावा एवं बचाने के लिए जागरूकता की आवश्यकता है|पोलिथिन से होने वाली गंभीर समस्याएं तथा इनसे कैसे निजात पाया जाय पर प्रकाश डाला| इन्होने पौधशाला तकनीक एवं कार्यशाला के लिए विद्यालय के प्राचार्य श्री सिलास पूर्ती एवं विद्यार्थियों को संस्थान भ्रमण के लिए आमंत्रित किया|

विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को लाख उत्पादन को लाख उत्पाद एवं उपयोगिता पर चलचित्र दिखाया गया| जिसे श्री वैद्य ने कहाकि पर्यावरण संरक्षण के लिए वन संरक्षण किया जाना अति आवश्यक है| जिससे आमलोगों को अधिक से अधिक आजीविका का साधन प्राप्त कर सकते हैं| संस्थान के उप वन संरक्षक ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का उतर सरल भाषा में बताया| श्री एस.एन.वैद्य, सहायक,मुख्य तकनीकी अधिकारी,वन विस्तार प्रभाग एवं श्री एन.आलम सहायक,मुख्य तकनीकी अधिकारी ने अपना योगदान दिया|

विद्यालय के प्राचार्य सिलास पूर्ती ने कार्यक्रम को सराहनीय बताया एवं संस्थान तथा संस्थान के अधिकारियों को धन्यबाद ज्ञापन दिया |










Introduction on Environment Awareness " PRAKRITI" programme of the ICFRE-KVS to the teachers and students of KVS, Dhurwa, Ranchi-1







Delevering talk on Environment to the teachers and students of KVS, Dhurwa, Ranchi-1 by Sri P.C.Lakra, Dy.CF, IFP,Ranchi and Principal of KVS, Dhurwa, Ranchi.





Display of Video Clipping on wild life and Film on LAC Cultivation at KVS, Dhurwa,Ranchi-1 by Sri P.C.Lakra,Dy.CF,IFP,Ranchi




Question Answer session conducted at KVS, Dhurwa, Ranchi-1